१०. पत्र - लेखन

I. प्रश्न उत्तर

१. श्रीनीवास ने किसे पत्र लिखा ?

उ. के. श्रीनीवास शर्मा ने हैदराबाद नगर के मुख्य अधिकारी कमीश्नर महोदय को नगर की सफाई के बारे में एक पत्र लिखा । लगातार वर्षा के कारण नगर में सफाई का काम बंद हो गया था । नगर - निगम के अधिकारी ठीक ढ़ंग से नगर की सफाई नहीं कर रहे थे । इससे शहर में गंदगी बढ़ गई थी । चारों तरफ से ब्दबू आ रही थी । शीघ्र ही इस बुरी दशा से नगर की रक्षा करने के लिये पत्र लिखा ।

२. लेखक ने अपने पत्र में नगर - निगम के कमीश्नर महोदय का ध्यान किस ओर खींचा है ?

उ. लेखक के. श्रीनीवास शर्मा ने अपने पत्र में सर्वप्रथम हैदराबद के नगर - निगम के मुख्य के पद पर वर्तमान कमीश्नर महोदय की नियुक्ति पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है । तत्पश्चात् उन्होंने उनका ध्यान नगर की ओर आकर्षित किया है । वर्षा की अधिकता के कारण नगर की बुरी हालत हो गयी है । वर्षा के कारण नगर में सफाई का काम सुचारु रुप से नहीं हो पा रहा है । इसका परिणाम यह हुआ कि सड़कें कूड़े - कर्कट से भर गई हैं । पानी में पड़ी हुई वस्तुएँ सड़ने के कारण मच्छरों की संख्या दिन - ब - दिन बढ़ती जा रही हैं । नगरों की सड़कों, गलियों और बस्तियों की सफाई अत्यन्त आवश्यक है । यदि ऐसा न हो सका तो कई बीमारियाँ फैलने की आशंका है । इस प्रकार श्रीनीवास शर्मा जी ने अपने पत्र में कमीश्नर महोदय को स्थिति की गंभीरता से अवगत कराया है ।

I. विलोम शब्द लिखिए ।

१.	भारी	X	हल्का	४.	सहयोग	X	असहयोग
२.	संभव	X	असंभव	७.	बदबू	X	खुशबू
३.	गंदगी	X	सफाई				

II. उपसर्ग को अलग कीजिए ।

			उपसर्ग				उपसर्ग
१.	सुचारु	-	सु	३.	विनम्र	-	वि
२.	यथाशीघ्र	-	यथा	१.	सहयोग	-	सह

III. प्रत्यय अलग कीजिए ।

			प्रत्यय				प्रत्यय
१.	औद्योगिक	-	इक	३.	सफाई-		आई

२. कर्तव्यनिष्ठ - निष्ठ ४. भारी - ई

IV. वस्तुनिष्ठ प्रश्न - उत्तर ।

१. श्रीनीवास शर्मा ने किसके नाम पत्र लिखा?

उ. कमीश्नर के नाम पर ।

२. श्रीनीवास शर्मा कहाँ के निवासी है ?

उ. हैदराबाद

३. कमीश्नर कैसे व्यक्ति है ?

उ. कुशल एवं कर्त्तव्यनिष्ठ

४. नगर की सफाई सुचारु रुप से क्यों नहीं हो पा रही है ?

उ. भारी वर्षा के कारण ।

५. किसकी संख्या बढ़ गयी है ?

उ. मच्छरों की ।

६. कमीश्नर ने किसकी सेवा को अपना लक्ष्य माना है ?

उ. जनता

७. गलियों से क्या निकल रही है ?

उ. बदबू

८. सफाई की व्यवस्था ठीक न होने के कारण क्या होने की आशंका है ?

उ. बीमारियाँ

९. नगर की बस्तियाँ किसके लायक नहीं है ?

उ. चलने - फिरने ।

१०. पत्र का विषय क्या है ?

उ. नगर की सफाई ।

***